### एक नजर में

## अभा ग्राहक पंचायत मालवा प्रांत का अभ्यास वर्ग संपन्न



**इंदौर.** अभा ग्राहक पंचायत, मालवा प्रांत का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग सुदर्शन कार्यालय में संपन्न हुआ. इसमें इंदौर संभाग के सभी आठ जिलों के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम में प्रांत के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, विधि (कानून), प्रचार-प्रसार एवं रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण आयामों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया. सभी जिला पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत की. सत्र के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित आरएसएस मालवा प्रांत के संपर्क प्रमुख विनय पिंगले ने संघ की विभिन्न गतिविधियों और समाज निर्माण में किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला. वरिष्ठ पदाधिकारियों मुकेश कौशल, योगेश त्रिवेदी, पं. डीजी मिश्र ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से अवगत कराया तथा विभिन्न आयामों के प्रमुखों ने भी अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों और संगठन के विस्तार हेतु कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष देवेंद्र दुबगे, प्रांत सचिव बहादुर सिंह राजपूत, प्रांत कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिसोदिया, प्रांत कार्यकारणी सदस्य निलेश कौशल, प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. दिलीप कुमार मांदलिया, महू जिला उपाध्यक्ष विजय भाभर, सचिव धर्मेन्द्र कलमें, नगर अध्यक्ष शरद तिवारी, मार्गदर्शन केंद्र प्रभारी अर्जुन सिंह चौहान, शैलेन्द्र सिंह पटेल सहित विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## दाऊदी बोहरा समाज द्वारा 19 मार्च को मनाई जाएगी ईद



**महू.** दाऊदी बोहरा समाज के रमजान 17 फरवरी मंगलवार से शुरू हुए थे. विश्व दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु दाई ए मुतलक सैयदना आली कदर मुफद्दल सैफुद्दीन (तउस) के प्रतिनिधि रमजान की सेवाओं के लिए मानपुर में नमाज व धार्मिक कार्यो के लिए मुम्बई मरोल जामिआ से मुल्ला इदरीस लाहिरी का आगमन हुआ था. 17 फरवरी से ही रमजान माह में समाज का भोजन भी सामूहिक रूप से नगर के समाजजनों के तत्वावधान में बुरहानी जमातखाना भोजनशाला में चल रहा है, जो 18 मार्च तक चलेगा. साथ ही 17 फरवरी से रोजाना नमाज के साथ कुरआन की तिलावत भी हो रही है. 17 जरवरी से ही रोजाना धार्मिक व सामाजिक प्रवचन भी मुल्ला इदरीस लाहिरी के मुखारबिंद से दिए जा रहे हैं. समाजजनों को नेक कार्य करने की हिदायत दी जा रही है. इमाम हुसैन की शहादत व उनके साथ करबला में शहीद हुए 72 शोहदाए किराम पर हर नमाज में मातम भी किया जा रहा है. मातम के मर्सिये कौसर देपालपुर वाला अपनी ओजस्वी वाणी में पढ़ रहे हैं. मानपुर के युवक मोहम्मद मुरतुजा जमाली जो हाजिज ए कुरान हो चुके, ओजस्वी वाणी में रमजान माह में प्रतिदिन तिलावत ए कुरआन का पाठ कर रहे हैं. प्रतिदिन हर नमाज में सैय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन आका मौला (तउस) के दीर्घायु होने की सामूहिक रूप से प्रार्थना की जा रही है. विश्व बोहरा समुदाय के धर्मगुरु मुफद्दल मौला का मिसरी सन के जन्मदिन पर केक काटकर व आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया. 19 मार्च गुरुवार को ईद उल फितर मीठी ईद का पर्व मनाया जाएगा.

## चंदननगर में सटोरिया पकड़ाया, पर्ची और नकदी जब्त

**इंदौर.** चंदननगर क्षेत्र में पुलिस ने सट्टा खेलते हुए एक आरोपी को धर दबोचा. आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची और नकदी जब्त की गई है. थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि ग्रीन पार्क कालोनी निवासी 43 वर्षीय शब्बीर शेख को रात करीब 8.50 बजे चंदननगर चौराहे से पकड़ा. तलाशी में उसके पास से तीन सट्टा पर्चियां जिन पर विभिन्न अंक लिखे हुए थे और 450 रुपए नकद बरामद हुए. पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ सट्टा एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## किन्नर प्रकरण में फरार 20 हजार का इनामी अक्षय कुमायूं धराया

**इंदौर.** किन्नर समुदाय से जुड़े चर्चित प्रकरण में फरार चल रहे 20 हजार रुपए के इनामी आरोपी अक्षय कुमायूं को पंढरीनाथ पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया. आरोपी घटना के बाद से फरार था और मानपुर क्षेत्र में अपने रिश्तेदार के यहां छिपकर रह रहा था. पुलिस टीम ने मानपुर के जंगलों में घेराबंदी कर उसे दबोच लिया. थाना प्रभारी सतीश पटेल ने बताया कि 14 अक्टूबर 2025 को नंदलालपुरा में रहने वाले अल्फिया उर्फ आलिया (किन्नर) की शिकायत पर पंढरीनाथ थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं व ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था. इसके बाद 16 अक्टूबर 2025 को किन्नर महामंडलेश्वर सोना मंगला गोरी नंदगिरी ने सूचना दी थी कि नंदलालपुरा क्षेत्र में 24 किन्नरों ने सामूहिक रूप से एसिड पी लिया, जिनका इलाज एमवाय अस्पताल में चल रहा है. इस मामले में पुलिस ने अलग से प्रकरण दर्ज कर सपना हाजी उर्फ आनंद नंदगिरी, राजा हाशमी, पंकज जैन और अक्षय कुमायूं को आरोपी बनाया था. मामले में सपना हाजी, राजा हाशमी और पंकज जैन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि अक्षय कुमायूं घटना के बाद से फरार था. उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था. पुलिस आयुक्त के निर्देश पर डीसीपी जोन-4 आनंद कलादगी, अतिरिक्त डीसीपी दिशेष अग्रवाल और एसीपी सराफा विजय तिवारी के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश की जा रही थी. तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर टीम को आरोपी के मानपुर क्षेत्र में छिपे होने की जानकारी मिली. इसके बाद मानपुर पुलिस के सहयोग से जंगल क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया.

# पुलिस से बचने की कोशिश में पलटी तेज रफ्तार कार

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र के सत्यसांई चौराहा चेकिंग पॉइंट पर रविवार की रात पुलिस चेकिंग देख एक तेज रफ्तार कार चालक ने अचानक यू-टर्न लेने की कोशिश की, इसमें कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई. हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ लग गई.

बताया जा रहा है कि चेकिंग पॉइंट पर पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी. इसी दौरान तेज गति से आ रही कार को रोकने के लिए इशारा किया. पुलिस को देखते ही चालक घबरा गया और अचानक वाहन मोड़ने लगा. तेज रफ्तार के कारण कार संतुलन खो बैठी और पलट गई.



घटना के बाद पुलिसकर्मियों ने तुरंत कार सवारों को बाहर निकाला. कार में सवार युवक सामान्य हालत में नहीं थे. हादसे में उन्हें मामूली चोटें आई हैं. पुलिस सभी को पूछताछ के लिए थाने ले गई. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि चालक ने पुलिस चेकिंग देखकर अचानक वाहन क्यों मोड़ा.

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मजबूत कदम

### ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ

**पेटलावद। सेवा भारती झाबुआ प्रकल्प, पेटलावद द्वारा समाजसेवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक और सराहनीय पहल करते हुए द्वितीय सत्र का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया, साथ ही सिलाई एवं मेहंदी प्रशिक्षण के लिए नए आवेदन आमंत्रित किए गए।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीओपी अनुरक्ति सबनानी, गुरुकुल एकेडमी की अध्यक्ष हर्षिता चौहान, लायंस क्लब पेटलावद ग्रेटर के अध्यक्ष जीवन जी भंडारी एवं अमिता भंडारी की गरिमामयी उपस्थिति में भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों द्वारा सामूहिक रूप से भारत माता की आरती एवं पूजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण हो उठा। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष हरिओम पाटीदार ने दिया।

मुख्य अतिथि अनुरक्ति सबनानी ने अपने संबोधन में सेवा भारती के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तब पूरा समाज प्रगति की ओर अग्रसर होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं श्रीमती हर्षिता चौहान ने कहा कि सेवा भारती महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार कर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने का साहस प्रदान कर रही है। यह कार्य वास्तव में समाज के उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। विशिष्ट अतिथि श्रीमती अमिता भंडारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा भारती के सेवा कार्यों को उन्होंने निकट से देखा है। संस्था न केवल महिला सशक्तिकरण में अग्रणी है, बल्कि बच्चों के लिए छात्रावास एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से भी उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

अतिथियों का स्वागत सेवा भारती झाबुआ के जिला अध्यक्ष हरिओम पाटीदार, रितेश निमजा, राजेश सिंधराज एवं सुरेश प्रजापति द्वारा मालाओं के साथ किया गया।



इस अवसर पर सिलाई प्रशिक्षण में अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान कर रही मधु जी भायल का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही नेहा मकवाना को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ब्यूटी पार्लर में सहयोग करने वाली किरण चोयल का भी सम्मान किया गया।लायंस क्लब पेटलावद ग्रेटर द्वारा प्रशिक्षण केंद्र के लिए बैठने की कुर्सी प्रदान कर सराहनीय सहयोग दिया गया। प्रथम सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी चंचल मावी की सफलता गाथा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें स्वरोजगार प्राप्त हुआ, जिससे वे आत्मनिर्भर बनीं। उनकी कहानी ने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रेरणा से भर दिया।अंत में अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी कुल 31 महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिनमें 20 ने सिलाई एवं 11 ने मेहंदी प्रशिक्षण प्राप्त किया।इस अवसर पर जिज्ञासा भट्ट, उषा प्रजापति,संस्था में सहयोग कर रही सिलाई प्रशिक्षक गायत्री मोरवाल , मेहंदी प्रशिक्षक प्रिया सोलंकी, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षक माही परमार सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाएं व बालिकाएं उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र भट्ट ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला सदस्य राजेश सिंधराज द्वारा व्यक्त किया गया।

## घर की राह भटका 3 वर्षीय बालक मिला, डायल-112 के जवानों ने मां से मिलाया

**झाबुआ।** जिले के थांदला में भंसाली चौराहा पर एक 3 वर्षीय बालक मिला, जो घर का रास्ता भटक गया था। पुलिस की सहायता से बालक को परिजनों से मिलाया गया। बालक के गुम होने की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में 16 मार्च दोपहर 2.21 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल थांदला थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया।डायल-112 स्टाफ आरक्षक राकेश एवं पायलेट राहुल ने मौके पर पहुंचकर बालक को संरक्षण में लिया। डायल-112 जवानों ने बालक को एफआरव्ही वाहन से साथ लेकर आसपास परिजन की तलाश की एवं पूछताछ करने पर बालक की माता उसे ढूंढते हुए मिली। बालक द्वारा पहचान और सत्यापन उपरांत मां के सुपुर्द किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार मां द्वारा दुकान से सामान खरीदते समय बालक वहीं छूट जाने पर रास्ता भटक गया था।



# संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने लिए एजेंडा तय किया

### श्रमजीवी पत्रकार संघ की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

**झाबुआ।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला कार्यकारिणी एवं सभी तहसील अध्यक्षों की घोषणा मेघनगर में आयोजित एक संगठित कार्यक्रम में की गई। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदोरिया के मार्गदर्शन और प्रदेश महासचिव दिनेश अग्रवाल की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष हरीश यादव के नेतृत्व में महासचिव दीपक (कालू) निमजा द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस दौरान सभी तहसीलों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों के नामों की विधिवत घोषणा की गई।

संगठन विस्तार के लिए तय हुआ रोडमैपकार्यक्रम में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के लिए प्रमुख एजेंडा तय किया गया। इसमें तहसील स्तर पर महासचिवों की नियुक्ति, मॉनिटरिंग कमेटी का गठन, सदस्यता कार्ड वितरण और संगठन संचालन के नए नियमों पर चर्चा शामिल रही।चार सदस्यीय तहसील मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया, जिसमें जिला उपाध्यक्ष, जिला सचिव, संयुक्त सचिव और कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहेंगे। यह कमेटी तहसील अध्यक्षों के कार्यों की निगरानी, सदस्यों की समस्याओं का समाधान और गतिविधियों की रिपोर्ट जिला स्तर तक पहुंचाने का काम करेगी।





नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिए गए परिचय पत्रकार्यक्रम में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को परिचय पत्र वितरित किए गए। संभागीय उपाध्यक्ष मुकेश सिसोदिया ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।तहसीलवार नियुक्तियांझाबुआ: राहुल सेंगर (अध्यक्ष), लक्की शर्मा (महासचिव)

जिला: रिंकेश बैरागी (उपाध्यक्ष), सलीम हुसैन (सचिव), यश पडियार (कोषाध्यक्ष)मेघनगर: मनीष नाहटा (अध्यक्ष), मुकेश सोलंकी (महासचिव)जिला: जितेन्द्र नागर (उपाध्यक्ष), फारूक शेरनी (सचिव), निमिष नाहटा (संयुक्त सचिव)थांदला: राजेश डामर (अध्यक्ष), लवनेश गिरी गोस्वामी (महासचिव)

जिला: कांतिलाल परमार (उपाध्यक्ष), मनीष वाघेला (सचिव), आनंदीलाल सिसोदिया (संयुक्त सचिव), सोहन सिंह परमार (सदस्य)पेटलावद: संजय कुमार उपाध्याय (अध्यक्ष), हीरालाल पाटीदार (महासचिव)

जिला: राजेश राठौर (उपाध्यक्ष), ओमप्रकाश मालवीय (सचिव), विनोद शर्मा (संयुक्त सचिव), जितेंद्र वैरागी (सदस्य)रामा: रोहित कुरसैना (अध्यक्ष), निहाल सिंह सिसोदिया (महासचिव)

जिला: पवन कुमार राठौर (उपाध्यक्ष), शैलेन्द्र राठौर (सचिव), संदीप जैन (संयुक्त सचिव), पंकज मकवाना (सदस्य)राणापुर: पंकज जागेरिया (अध्यक्ष), अनिल जैन (महासचिव)

जिला: सुरेश समीर (उपाध्यक्ष), जितेंद्र राठौड़ (सचिव), योगेश चौहान (संयुक्त सचिव), तेजमल गोहरी (सदस्य)कार्यक्रम के अंत में संगठन की एकजुटता और सक्रियता पर बल देते हुए सभी पदाधिकारियों से पत्रकार हित में निरंतर कार्य करने की अपेक्षा जताई गई।

## धारदार हथियार लेकर घूम रहे तीन युवक पकड़ाए

**इंदौर. शहर में अवैध हथियारों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के चलते अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने तीन युवकों को धारदार हथियारों के साथ पकड़ा है. एमआईजी थाना क्षेत्र में एलआईजी कॉलोनी मेन रोड स्थित एलआईजी कंपाउंड के पास पुलिस ने विकास पिपल्दे उम्र 25 साल निवासी स्कीम नंबर 134 को पकड़ा.**


तलाशी लेने पर उसके कब्जे से लोहे का तेज धार वाला खटकेदार चाकू बरामद हुआ. वहीं कनाड़िया थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए आरोपियों से गुप्ती और चाकू जब्त किए. पुलिस ने के-02 ढाबा के पास बिचौली मर्दाना क्षेत्र से अभिषेक कनारे उम्र 18 साल निवासी रविदास नगर फिनिक्स टाउनशिप लसूड़िया को पकड़ा, जिसके पास से स्टील की गुप्ती बरामद हुई. गुप्ती के फल पर अंग्रेजी में बैटन (एक्स) स्वॉर्ड लिखा हुआ है और उसे कवर से निकालने के लिए बटन लगा हुआ है. इसी क्षेत्र में स्नेहजीव गार्डन के आगे भेरूबाबा मंदिर के पास पुलिस ने एक 17 वर्षीय नाबालिग को पकड़ा. तलाशी में उसके पास से लोहे का तेज धार वाला चाकू बरामद किया. पुलिस ने तीनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# थाने के पीछे खड़ी कार को पेट्रोल डालकर फूंका

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**इंदौर.** विजय नगर थाना क्षेत्र में देर रात एक अज्ञात युवक ने थाने के पीछे वाली गली में खड़ी कार को पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

बॉम्बे हॉस्पिटल के पास पान की दुकान संचालित करने वाले कपिल ने बताया कि उनकी कार गली में खड़ी थी. रात करीब 2.45 बजे एक युवक बाइक से वहां पहुंचा. उसने कुछ दूरी पर बाइक खड़ी की और कार पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, इसके बाद मौके से फरार हो गया. आसपास के लोगों ने कार से लपटें उठती देखी तो घटना का पता चला. रहवासियों के अनुसार आग लगने की सूचना



पुलिस को दी गई थी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची. वहीं विजय नगर पुलिस का कहना है कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है. हालांकि सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामले की जांच की बात कही जा रही है.

## एपीके फाइल से मोबाइल हैक कर 4.22 लाख उड़ाए

**इंदौर.** शहर में साइबर ठगी के दो और मामले सामने आए हैं. बदमाशों ने अलग-अलग दो लोगों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की चपत लगा दी. दोनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

मल्हारगंज थाना प्रभारी वेदेन्द्र सिंह कुशवाह ने बताया कि क्षेत्र के लक्ष्मीपुरी कॉलोनी में रहने वाले ओमकार उर्फ पिंटू तिवारी के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है. फरियादी के अनुसार अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप नंबर से आरटीओ चालान के नाम से एक एपीके फाइल भेजी थी.

### एक नजर

### तीन दिवसीय श्री खाटू श्याम जन्म कथा आज से

# श्री खाटू श्याम जन्म कथा में भगवान के जन्म से लेकर शीश के दान तक के प्रसंग का होगा वर्णन

**झाबुआ।** करने वाला श्याम, कराने वाला श्याम परिवार द्वारा तीन दिवसीय श्री श्याम जन्म कथा को लेकर 17 मार्च, मंगलवार को स्थानीय पैलेस गार्डन पर पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। जिसमें कथा का आयोजन क्यों किया जा रहा है और इसका क्या लाभ है।

इस विषय को बताते हुए आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य रविराजसिंह राठौर एवं समिति अध्यक्ष सचिन उपाध्याय और वीरेंद्रसिंह चौहान ने बताया कि विगत एक वर्ष पहले श्री श्याम कीर्तन का शहर में आयोजन हुआ। इस दौरान समिति बनाई गई और झाबुआ शहर में हर श्याम प्रेमी के यहां एकादशी पर कीर्तन हो सके, कम पैसों में या जैसा श्याम भक्त चाहे वैसा और अगर पैसे नहीं हो तो नि:शुल्क भाव से समिति स्वयं के खर्चे पर भी कीर्तन करेगी, ऐसा



तय किया गया और एक वर्ष तक जब सभी के यहां कीर्तन किए गए। तब समिति के सामने यह प्रश्न आया कि खाटू श्यामजी के जन्म के संबंध में बहुत सी जानकारियां भक्तों को नहीं है, तो क्यों ना बाबा श्याम की जन्म कथा करवाई जाएं, जिसमें बाबा श्याम के बारे में संपूर्ण जानकारी भक्तों तो प्राप्त हो सके। इस संबंध में समिति द्वारा सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं. मंथन शांडिल्यजी से फोन पर चर्चा की गई, जिसमें उनसे पूछा गया क्योंकि वह श्रीराम कथा, शिव पुराण कथा, दुर्गा कथा, भागवत कथा सभी करते हैं और जब उनसे चर्चा की गई तो उन्होंने श्री श्याम जन्म कथा के बारे में कुछ ऐसी जानकारियां बताई, जो स्वयं समिति को भी नहीं थी। तब विचार किया गया कि आपको कथाकार के रूप में झाबुआ बुलाया जाए और आपके मुखारविंद से तीन दिवस श्री श्याम जन्म कथा का आयोजन किया जाएं। जिस पर समिति ने तीन दिवसीय कथा का आयोजन करने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर आशीष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे। उनके द्वारा इस आयोजन को विशेष रूप से हिंदू नववर्ष चैत्र नवरात्रि प्रारंभ से जोड़कर किए जाने की बात कहीं। आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि हिंदू नववर्ष (गुड़ी पड़वा) पर पिछले कई वर्षों से जो प्रभात फेरी निकाली जा रहीं है। उसके बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष गुड़ी पड़वा पर प्रात: 8:00 बजे राजवाड़ा से प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्ग से होती राजवाड़ा पहुंचेगी।

जहां गुड्डी की पूजा महिलाओं द्वारा की जाएगी एवं आरती कर गुड़-चने का प्रसाद वितरण किया जाएगा और सभी भक्तों को नीम का शर्बत पिलाया जाएगा। इस प्रकार प्रतिवर्ष गुड़ी पड़वा उत्सव भी मनाया जाता है और इस वर्ष श्री श्याम श्याम जन्म कथा का आयोजन साथ में किया जा रहा है। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार 18 मार्च को दोपहर 11 बजे कथावाचक पं. मंथन शांडिल्य एवं उनकी मंडली का झाबुआ आगमन होगा। बाद शाम 6 बजे कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री जगदीश मंदिर से पोथी एवं निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कथा स्थल राजवाड़ा पर समापन होगा। बाद रात 8 बजे से कथा प्रारंभ हो जाएगी। कथा में भगवान की झांकी सजाकर मुख्य रूप से प्रतिदिन छप्पन भोग लगाया जाएगा। भक्तों पर इत्र और पुष्पों की वर्षा की जाएगी। प्रतिदिन महाआरती और महाप्रसादी का भोग भी लगाया जाएगा। करने वाला श्याम, कराने वाला श्याम परिवार द्वारा जिले के सभी श्याम प्रेमियों से सभी आयोजनों में अधिकाधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने हेतु अपील की है।